HD-06

December - Examination 2016

B.A. Pt. III Examination

हिंदी भाषा एवं प्रयोजनमूलक हिंदी

Paper - HD-06

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 100**

निर्देश : यह प्रश्नपत्र तीन खण्डों 'अ', 'ब', 'स' में विभाजित है। खण्ड में दिए निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड – 'अ' **10 × 2 = 20**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं। आप अपने उत्तर को एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(i) जार्ज गियर्सन ने हरियाणवी बोली को 'बांगरु' नाम क्यों दिया?

(ii) शौरसेनी अपभ्रंश से निकलने वाली कोई दो आधुनिक भाषाएँ कौन–कौनसी हैं?

(iii) 'यादृच्छिकता' का क्या तात्पर्य है?

(iv) बिहारी हिन्दी की दो बोलियों का नामोल्लेख कीजिए।

(v) प्रयोजनमूलक भाषा किसे कहते हैं?

(vi) अन्तरभाषिक अनुवाद (भाषान्तरण) किसे कहते हैं?

(vii) 'हरिश्चन्द्र चन्द्रिका' का सम्पादन किसने किया? नाम लिखिए।

(viii) कार्यालयी हिन्दी किसे कहते हैं?

(ix) निम्न शब्दों का अर्थ लिखिए।

अ) पुनरुक्ति

ब) अवलोकन

(x) भारतीय संविधान में संघ की राजभाषा का नाम और उसकी लिपि बताइए।

(खण्ड – ब) **4 × 10 = 40**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर अधिकतम 200 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है।

2) प्रयोजन मूलक हिन्दी और साहित्यिक हिन्दी में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

3) भाषा और भाषिक व्यवहार से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।

4) अनुवाद की आवश्यकता क्यों होती है? समझाइए।

5) 'टिप्पणी लेखन' को स्पष्ट कीजिए।

6) वैज्ञानिक एवं तकनीकी हिन्दी भाषा के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

7) ''टेलीविजन जनसंचार का प्रबल माध्यम है।'' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

8) बैंकिंग प्रणाली में हिन्दी के प्रयोग व स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

9) संक्षेपण से क्या तात्पर्य है? इसके प्रकार एवं विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(खण्ड – स) $2 \times 20 = 40$

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है और शब्द सीमा अधिकतम 500 शब्दों में परिसीमित करना है।

10) हिन्दी भाषा के विविध लक्षणों का वर्णन कीजिए।

11) अनुवाद का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसके विविध प्रकारों का विवेचन कीजिए।

12) 'संविधान में हिन्दी की संवैधानिक स्थिति' पर एक लेख लिखिए।

13) टिप्पणी लिखिए– (प्रत्येक 5 अंक)
(क) भोजपुरी बोली
(ख) मारवाड़ी बोली
(ग) अवधी
(घ) गढ़वाली